उत्तर प्रदेश

विशिष्ट करेंट अफेयर्स

अगस्त 2022

मेरठ की रूपल चौधरी ने वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 में जीता कांस्य पदक

• 4 अगस्त, 2022 को कोलंबिया में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़िले की रूपल चौधरी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 51.85 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

• इसके साथ ही 17 वर्षीय रूपल चौधरी विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

• इससे पहले 2 अगस्त को रूपल ने चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकेंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। भारतीय टीम अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।

NPCI और IIT कानपुर ने किया अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता

• IIT कानपुर और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

• इसे नवीन विचारों पर ज्ञान साझा करने और स्वदेशी डिजिटल भुगतान समाधानों के विकास में सहयोग करने के लिए हस्ताक्षरित किया गया।

• सहयोग NPCI और इसकी सहायक कंपनियों के उत्पादों और सेवाओं के लिए साइबर सुरक्षा नियंत्रण को बढ़ाने में मदद करेगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 : भाला फेंक में अन्नू रानी ने जीता कांस्य पदक

• 7 अगस्त, 2022 को बर्मिंघम में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में मेरठ के बहादुरपुर गाँव की महिला भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी ने महिलाओं की जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

BYJU'S EXAM PREP

• अन्नू रानी ने अपने तीसरे प्रयास में 60 मीटर दूर भाला फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया। वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की केलसे ली बार्बर ने 43 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन मैकेंजी लिटिल ने 64.27 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

• जैवलिन क्वीन के नाम से मशहूर अन्नू रानी कांस्य पदक जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स की जैवलिन इवेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश ही पहली महिला भाला फेंक खिलाड़ी बन गईं हैं।

पानी के सैंपल की जाँच में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन

• हाल ही में जारी जलशक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक पानी के सैंपल की जाँच में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुँच गया है। उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़, केरल, झारखंड, उड़ीसा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को पानी के सैंपल की जाँच में पीछे छोड़ दिया है।

• उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रदेश की महिलाओं ने 20,756 गाँव में 11,97,890 पानी के सैंपलों की जाँच पूरी कर ली है। एफटीके किट से की गई जाँच में 69,279 पानी के सैंपल दूषित पाए गए हैं। 12,919 जगह आवश्यक कार्रवाई की गई है।

• भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 17,823 गाँव में महिलाओं ने 11,60,940 पानी के सैंपल की जाँच की है और वह दूसरे स्थान पर है। एफटीके किट से पानी जाँच के मामले में तीसरे नंबर पर केरल, चौथे पर ओड़ीसा और पाँचवें स्थान पर मध्य प्रदेश है।

उत्तर प्रदेश के 10 पुलिसकर्मी केंद्रीय गृह मंत्री पदक के लिये चयनित

• 12 अगस्त, 2022 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रतिष्ठित केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2022 के लिये चुने गए 151 पुलिसकर्मियों की सूची में उत्तर प्रदेश के 10 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

• गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2022 के लिये घोषित 151 पुलिसकर्मियों की सूची में 28 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

• इस सूची में सीबीआई के 15, एनआईए के 5, महाराष्ट्र पुलिस के 11, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के 10-10, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पुलिस के 8-8 कर्मी और शेष अन्य राज्यों के हैं।

• इस प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में उत्तर प्रदेश पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक संसार सिंह राठी, उप-पुलिस अधीक्षक सविरतना गौतम, एसएचओ कमलेश सिंह, इंस्पेक्टर राम गोविंद मिश्रा, इंस्पेक्टर संतोष कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय, इंस्पेक्टर भैया शिवप्रसाद सिंह, सब-इंस्पेक्टर नीरज कुमार पाल और सब-इंस्पेक्टर सूरज कुमार तिवारी शामिल हैं।

• उल्लेखनीय है कि अपराध की जाँच में उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और जाँच अधिकारियों द्वारा जाँच में इस तरह की उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2018 में इस पदक की स्थापना की गई थी।

उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने जल शुल्क नियमावली-2022 को दी मंज़ूरी

• 16 अगस्त, 2022 को उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने जल शुल्क नियमावली-2022 को मंज़ूरी दी। इसके तहत अब विकास प्राधिकरणों की योजनाओं में भवन निर्माण के लिये नक्शा पास कराने के लिये 50 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से जल शुल्क देना होगा।

• गौरतलब है कि पहले यह जल शुल्क लखनऊ और बनारस में नहीं लिया जाता था, लेकिन अब वहाँ के लोगों को भी इसका भुगतान करना होगा।

• नियमावली के मुताबिक ले-आउट प्लान के मामलों में जल शुल्क भूमि के कुल क्षेत्रफल के हिसाब से लिया जाएगा। बहुमंजिला भवन निर्माण पर सभी तलों व बेसमेंट को शामिल करते हुए कुल क्षेत्रफल के आधार पर इसे वसूला जाएगा।

• मौजूदा निर्मित क्षेत्र से अतिरिक्त निर्माण करने पर भी जल शुल्क देय होगा। जल शुल्क की दरों को हर साल एक अप्रैल से आयकर विभाग के कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के आधार पर पुनरीक्षित किया जाएगा।

• विकास प्राधिकरण, योजना के बाहर या जहाँ वह जलापूर्ति करने में असमर्थ होगा, वहाँ जल शुल्क देय नहीं होगा। वैधता अवधि के अंदर स्वीकृति के लिये प्रस्तुत पुनरीक्षित मानचित्र, जिसके लिये जल शुल्क पूर्व में भुगतान किया जा चुका है, उससे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

लखनऊ में शुरू होगी देश की पहली नाइट सफारी

• 16 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राजधानी लखनऊ में देश की पहली नाइट सफारी शुरू करने के उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

• इस बारे में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिंगापुर की विश्व की पहली नाईट सफारी की तर्ज़ पर 2027.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले कुकरैल वन क्षेत्र में 350 एकड़ में नाईट सफारी विकसित की जाएगी और 150 एकड़ में प्राणि उद्यान बनाया जाएगा।

• यह नाइट सफारी बिल्कुल सिंगापुर की तर्ज़ पर विकसित होगी, जहाँ टाइगर, तेंदुआ और भालू के लिये अलग-अलग सफारी बनाई जाएंगी। लखनऊ के ऐतिहासिक नवाब वाज़िद अली शाह प्राणि उद्यान को वर्तमान जगह से हटाकर नाइट सफारी में शिफ्ट किया जाएगा। कुकरैल नदी को खूबसूरत रिवरफ्रंट के रूप में विकसित किया जाएगा। नाइट सफारी में टॉय ट्रेन भी चलाई जाएगी।

• गौरतलब है कि देश की यह पहली नाइट सफारी होगी। वर्तमान में देश में 13 ओपन डे सफारी हैं, लेकिन एक भी नाइट सफारी नहीं है।

• नाइट सफारी का प्रवेश द्वार भव्य एवं आकर्षक होगा। यहाँ व्याख्या केंद्र, बटरफ्लाई इंटरप्रिटेशन सेंटर भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 75 एकड़ में तेंदुआ सफारी, 60 एकड़ में भालू सफारी और 75 एकड़ में टाइगर सफारी बनाने की योजना है।

काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनेगा ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर का कॉरिडोर

• 23 अगस्त, 2022 को मथुरा जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि मथुरा ज़िला प्रशासन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंगला दर्शन के दौरान बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ के दबाव के चलते दो श्रद्धालुओं की मौत के बाद काशी विश्वनाथ की तर्ज़ पर बांकेबिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनाने जाने का प्रस्ताव बनाया है।

• वृंदावन में बिहारीजी कॉरिडोर से ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर का स्वरूप बदल जाएगा। कॉरिडोर बनने से संकरी गलियों से श्रद्धालुओं को मुक्ति मिलेगी, साथ ही जनसुविधाएँ भी मुहैया हो सकेंगी। नवनिर्मित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को वृंदावन के लिये आधार बनाया जा रहा है।

• गौरतलब है कि काशी विश्वनाथ मंदिर का क्षेत्रफल करीब पाँच लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है। काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के दायरे में 23 इमारत और 27 मंदिर भी आते हैं। चार बडे+ गेट हैं, कॉरिडोर में 22 शिलालेखों पर काशी की महिमा का वर्णन किया गया है।

• इस कॉरिडोर में मंदिर चौक, मुमुक्षु भवन, कई यात्री सुविधा केंद्र, यूटिलिटी भवन सहित आदि सुविधाएँ दी गई हैं। 1780 में महारानी अहिल्याबाई होलकर के बाद काशी मंदिर को भव्यता कॉरिडोर के माध्यम से दी गई है।

• इसके अलावा दक्षिण भारत स्थित रामेश्वरम् मंदिर का कॉरिडोर सबसे बड़ा है, जो करीब 400 फीट लंबा है। 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल रामेश्वरम् के लिये बने कॉरिडोर की खूबसूरती वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। इस कॉरिडोर की चौड़ाई 197 मीटर तक है।

देवरिया के खुर्शीद अहमद राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित

• 25 अगस्त, 2022 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 के लिये चयनित देश के विभिन्न राज्यों के 46 शिक्षकों के नाम की अंतिम सूची जारी की। इसमें उत्तर प्रदेश के खुर्शीद अहमद का नाम भी शामिल है।

BYJU'S EXAM PREP

• राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 5 सितंबर, 2022 को शिक्षक दिवस के अवसर पर वर्ष 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। पुरस्कार के तौर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को 50 हज़ार रुपए की राशि और सिल्वर मेडल दिया जाएगा।

• खुर्शीद अहमद को यह पुरस्कार विज्ञान शिक्षा में नवाचार के लिये दिया जाएगा। वह देवरिया में कंपोजिट स्कूल सहवा में शिक्षक हैं। प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों में अकेले इनका चयन हुआ है।

• गौरतलब है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रतिवर्ष 5 सितंबर को एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करता है, जिसमें देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

• पुरस्कारों के लिये शिक्षकों का चयन ऑनलाइन तीनस्तरीय चयन प्रक्रिया के ज़रिये पारदर्शी तरीके से किया जाता है।

BYJU'S EXAM PREP

उत्तर प्रदेश सरकार विकसित करेगी भारत की पहली शिक्षा टाउनशिप

• पहली बार, उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में एक शिक्षा टाउनशिप बनाने की योजना बना रही है।

• इसे 'सिंगल एंट्री, मल्टीपल एग्जिट' के विचार पर विकसित किया जाएगा।

• यह युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के पेशेवर कौशल प्रदान करेगा।

• इसके अलावा, यह छात्रों और शिक्षकों दोनों को आवास और कई अन्य सुविधाएं प्रदान करेगा।

BYJU'S EXAM PREP

यमुना किनारे बनेंगे हाइब्रिड एन्यूटी मोड पर आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

• हाल ही में यमुना नदी में गिर रहे बड़े नालों के कारण बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने हाइब्रिड एन्यूटी मोड पर आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण को मंज़ूरी दी है।

• 583 करोड़ रुपए की लागत से यमुना नदी के किनारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे, जो यमुना में गिर रहे 6 एमएलडी सीवर का ट्रीटमेंट (शोधन) करेंगे।

• इस संबंध में दिल्ली में एनएमसीजी उत्तर प्रदेश जल निगम और विश्वराज एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) साइन किया गया है। करार पर जलनिगम के अधीक्षण अभियंता राजकुमार शर्मा, विश्वराज एनवायरमेंट के सत्यजीत राउत और एनएमसीजी प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनोद कुमार ने हस्ताक्षर किये।

• गौरतलब है कि यमुना में नाले के पानी के कारण उपजे दलदल से आगरा में ताज़महल पर गोल्डी काइरोनोमस कीड़ों का हमला हो रहा है। बीते चार साल से ताज़महल पर कीड़ों का हमला बढ़ा है। सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्वत: संज्ञान लेने के बाद भी यमुना नदी में सीवर गिरना बंद नहीं हुआ है।

• राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक जी. अशोक कुमार ने बताया कि नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण से यमुना में बिना ट्रीटमेंट के सीवर का गिरना बंद हो जाएगा।

• मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीवर समस्याओं के समाधान के लिये तीन नए एसटीपी के निर्माण के साथ इंटरसेप्शन, डायवर्जन स्ट्रक्चर, आईएंडडी नेटवर्क बिछाने, 15 साल के लिये ऑपरेशन एंड मेंटीनेंस को भी शामिल किया।

BYJU'S EXAM PREP

NMCG, उत्तर प्रदेश जल निगम, विश्वराज पर्यावरण ने किए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर

• राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG), उत्तर प्रदेश जल निगम और विश्वराज पर्यावरण के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

• हाइब्रिड एन्युटी मोड या (HAM) के तहत आगरा के लिए सीवेज उपचार संयंत्रों के विकास के लिए इस पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

• समझौता यमुना में प्रदूषण का कारण बनने वाली मौजूदा सीवेज समस्याओं के प्रति सचेत करेगा।

काशी की तरह प्रयाग में भी चलेंगे क्रूज, संगम पर बनेगा हेलीपोर्ट

• 25 अगस्त, 2022 को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और प्रयागराज मंडल के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के पूर्व ही वाराणसी की तर्ज़ पर यहाँ भी क्रूज की सेवाएँ और जलमार्ग से यातायात का परिवहन शुरू होगा।

• मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुंभ से पहले संगम पर जो हेलीपोर्ट बनाया जाएगा, उसके ज़रिये प्रयागराज से जल परिवहन भी शुरू होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे दिल्ली सहित अन्य ज़िलों से प्रयागराज की पहुँच को और सुगम बनाएगा।

• राज्य सरकार की योजना प्रयागराज से वाराणसी तक क्रूज परिवहन प्रारंभ करने की है। गौरतलब है कि प्रदेश में अवस्थित पौराणिक शहर वाराणसी में पहले से ही क्रूज सेवा प्रारंभ की जा चुकी है।

• यह राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 (प्रयागराज से हल्दिया तक) का भी मार्ग है, अत: भविष्य में मालवहन के अतिरिक्त यहाँ से जलमार्ग का प्रयोग आमजन के परिवहन के लिये भी किया जा सकेगा।

• मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रेलवे द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित किये जा चुके कर्ज़न ब्रिज को धरोहर के रूप में पर्यटकों के लिये विकसित किया जाएगा।

BYJU'S EXAM PREP

कन्नौज को इत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

• उत्तर प्रदेश सरकार ने कन्नौज को इत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

• इस पहल के तहत, सरकार दिसंबर 2022 में कन्नौज में एक अंतर्राष्ट्रीय इत्र मेले का आयोजन करेगी।

• जिले में बन रहे इत्र पार्क का पहला चरण भी 15 नवंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।

• कन्नौज का इत्र, सरकार की 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल के तहत आता है।